हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 30 जुलाई 2025

04 निगम ने स्वच्छता मित्रों, दरोगाओं, पार्षदों का...



08 मूसलाधार बारिश के बीच धूमधाम से निकली...





### विद्यालयों व आंगनवाड़ी भवनों का दो दिवस में भौतिक सत्यापन करें

## जर्जर व जीर्ण-शीर्ण भवनों में स्कूल व आंगनबाड़ी न हों संचालितः कलेक्टर

**खास बातें**

- पुल-पुलियाओं पर बारिश का पानी होने पर आवागमन न होने दें
- शाही सवारी मार्ग में क्षतिग्रस्त एवं कमजोर मकानों को चिन्हित कर मार्किंग करें
- विद्युत पोल एवं झुले हुए तारों को ऊपर करवाएं
- मूर्तियाँ निर्माण में पीओपी का उपयोग न करें
- कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था वाले भवनों को चिन्हित कर डिस्मेंटल करवाने की कार्यवाही की जाए। जीर्ण-शीर्ण भवनों में विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित न हो, इसके लिये वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारी गांव-गांव जाकर सभी विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी भवनों का दो दिन में भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन दें। इस कार्य को गंभीरता से लेकर पहली प्राथमिकता में करें। यह निर्देश कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की बैठक में दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासकीय आवासीय भवनों का भौतिक सत्यापन कर मरम्मत योग्य भवनों की मरम्मत करवाई जाए तथा जीर्ण-शीर्ण भवनों को डिस्मेंटल करवाएं। शाही सवारी मार्ग में क्षतिग्रस्त एवं कमजोर मकानों को चिन्हित कर मार्किंग की जाए। जिले में निरन्तर हो रही बारिश को लेकर आवश्यक सतर्कता बरती जाएं, पुल-पुलियाओं पर बारिश का पानी होने पर बैरिकेडिंग कर एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर आवागमन रोकें, लापरवाही करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश का जलभराव होने की सूचना मिलने पर होमगार्ड, राजस्व एवं पुलिस विभाग को समन्वय कर तत्काल राहत कार्य करें।

कलेक्टर ने कहा कि आगमी गणेश उत्सव, नवरात्रि में गणेश एवं नव दुर्गा मूर्ति निर्माण मिट्टी से किया जाए, इसके लिये कलाकारों को प्लास्टर ऑफ पेरिस के स्थान पर मिट्टी से मूर्तियां बनाने हेतु निर्देशित करे। विद्युत विभाग वर्तमान में कांवड यात्रा, शाही सवारी एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दृष्टिगत झुके हुए विद्युत पोल एवं झुले हुए तारों को ऊपर करवाएं। विद्युत पोल को भी कवर करें, जिससे की बारिश के समय करंट न फैले। कावंड यात्रा बाबा बैजनाथ मंदिर पर आने के दौरान तहसीलदार, व्यवस्था हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एक बगिया माँ के नाम अभियान के तहत संबंधित विभाग जगह चिन्हित कर लक्ष्यानुरूप पौधारोपण करें, जिले में मानसून अवधि में अधिक से अधिक पौधारोपण हों। उन्होंने मियावाकी पद्धति से जिले में पौधारोपण करवाने हेतु सभी जनपद सीईओ को जगह का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गौवंशों के लिये जिन स्थानों पर गौठान बनाये गए है, उनका पंजीयन करवाएं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त सचिव, पटवारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना हेतु नागरिकों से घर-घर जाकर फार्म भरवाने की कार्यवाही करे। जिला स्तर से भी अधिकारी गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणजनों को योजनाओं के बारे में जागरूक करें। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में किसी भी कर्मचारी का समयमान-वेतनमान लम्बित नहीं रहें, यथाशीघ्र विभागीय कार्यवाही पूर्ण कर लम्बित प्रकरणों का निराकरण किया जाए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य यकृत मिशन अन्तर्गत नॉन-अल्कोहोलिक फेटी लिवर डिजीज के स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य संस्थाओं पर 30 वर्ष से अधिक लोगों में जोखिम कारको की पहचान और मूल्यांकन, समुदाय में यकृत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, संदिग्ध और पुष्ट मामलों के लिये रेफरल, और फालोअप करें। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि दर्ज होने वाली शिकायतों का समाधानकरी निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायतों के निराकरण में सही-सही जवाब दर्ज किया जाए, शिकायतों के निराकरण में रूचि नहीं लेने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने जनसुनवाई के आवेदनों का समय पर निराकरण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। समय-सीमा पत्रों का जवाब समय पर भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे,अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, मनीषा कोल डिप्टी कलेक्टर प्रेमनारायण परमार सहित जिले के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पार्श्वनाथ प्रभु के निर्वाण कल्याणक पर चढ़ाया जाएगा लाडू

## नेमिनाथ परमात्मा के जन्म कल्याणक पर भव्यातिभव्य स्नात्र महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ जी के जन्म कल्याणक पर जैन आराधना भवन में भव्यातिभव्य स्नात्र महोत्सव का कार्यक्रम हुआ। वहीं सामूहिक एकासना का आयोजन भी रखा गया । जैन धर्म के ही 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथजी के मोक्ष कल्याणक दिवस पर 1 अगस्त को मंदिरजी में लाभार्थी परिवार की ओर से निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। वहीं समाज में अन्य धार्मिक आयोजन किये जायेंगे।

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस बार चातुर्मास आराधना करवाने के लिए हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन में विराजित प.पू. प्रज्ञा भारती, महा मांगलिक प्रदात्री गुरुवर्या चंद्रप्रभाश्रीजी महाराज साहब की सुशिष्या साध्वीजी प.पू.रत्न निधि म.सा. , पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा - 5 की पावन निश्रा में सबके प्यारे आँखों के तारे राज दुलारे ऐसे नेमिनाथ प्रभु का अदभुत, अनुपम, अद्वितीय जन्म कल्याणक महोत्सव पर भव्य स्नात्र महोत्सव का आयोजन मंगलवार को आयोजित किया गया। जिसमें लाभार्थी परिवार के साथ समाजजनों द्वारा इंद्र इंद्राणी बनकर भक्ति में सारोबार होकर स्वद्रव्य से नेमिनाथ प्रभु का स्नात्र महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके लिए जैन आराधना भवन में जहां राज दरबार सजाया गया था। वहीं मेरु पर्वत की रचना कर उस पर परमात्मा को विराजमान कर अभिषेक किया गया। जन्म कल्याणक पर परमात्मा नेमिनाथ प्रभु का अभिषेक करने के मुख्य लाभार्थी राकेश कुमार गेंदमल जी कांठेड़ परिवार नलखेड़ा रहा। जन्म कल्याण कार्यक्रम के पूर्व प्रातः 9:00 बजे मंदिर जी से ढोल के साथ लाभार्थी काठेड़ परिवार इंद्र और इद्राणी बनकर नेमिनाथ दादा को मंदिर से उपाश्रय तक लेकर आये। जहां उपाश्रय में भव्य स्नात्र महोत्सव मनाया गया। साध्वी मंडल द्वारा स्नात्र महोत्सव के अंतर्गत पूजन संपन्न करवाई। इंद्र इंद्राणी बने समाज जनों द्वारा परमात्मा की अष्टप्रकारी पूजा पर उनके समक्ष धूप,दीप, फल, नैवेद्य, अक्षत, पुष्प आदि चढ़ाए गए। कार्यक्रम उपरांत जैन श्वेतांबर धर्मशाला में गुरु भक्त परिवार की ओर से पाच द्रव्य का सामूहिक एकासना का कार्यक्रम हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाज जनों द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर मीनल सकलेचा, नेहा सकलेचा, साक्षी सकलेचा के साथ अन्य महिलाओं द्वारा सुंदर रंगोली बनाई गई थी। साध्वी मंडल की निश्रा में चातुर्मास के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ धर्म आराधनाऐं भी चल रही है।

### नागपंचमी पर हुई महाआरती, दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे भक्त



**नलखेड़ा।** नगर के प्राचीन एवं चमत्कारी देवस्थान अलीजा बहादुर मंदिर पर नाग पंचमी पर विभिन्न धार्मिक आयोजन के साथ महाआरती सम्पन्न हुई। दिनभर दर्शनार्थ भक्तों का आना जाना जारी रहा। मंगलवार को नागपंचमी के अवसर पर अलीजा बहादुर मंदिर पर पूजन अभिषेक व यज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत महाआरती सम्पन्न हुई। नागपंचमी के अवसर पर मंदिर पर दिनभर भक्तों का दर्शनार्थ तांता लगा रहा। महाआरती के पश्च्यात देर शाम तक महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर देवस्थान के सेवक बालचंदजी राठौर द्वारा नाग देवता सहित अन्य देवी प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। मंदिर परिसर को पुष्पों व विद्युत रोशनी से सजाया गया था।

**-नाग चंद्रेश्वर महादेव की हुई महाआरती-** मंगलवार को नाग पंचमी के अवसर पर नगर के मध्य स्थित मूर्ति श्रीराम मंदिर धर्मशाला में स्थापित भगवान नाग चंद्रेश्वर महादेव की महाआरती हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। नाग पंचमी पर यहां भी दिनभर दर्शनार्थ भक्तों का पहुंचना जारी रहा।

## शहर में सावन की झड़ी से मन हर्षाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



मंगलवार को लगी सावन की झड़ी से नगर सहित क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक का मन हर्षाया है। इस वर्ष पहली इस झड़ी से हर तरफ पानी ही पानी नजर आने लगा था। इस झड़ी के बाद संभावना है कि क्षेत्र में भूजल स्तर बढ़ने के साथ ही जलाशयों में भी जल स्तर बढेगा। नगर सहित क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से वर्षा का दौर चल रहा है। मंगलवार को भी सुबह से लगी झड़ी शाम 5 बजे तक चलती रही। इस दौरान कभी तेज तो कभी रिमझिम का दौर जारी रहा। लगातार 8 से 10 घंटे की इस वर्षा से एक समय तो हर तरफ पानी ही पानी नजर आने लगा था। नगर सहित क्षेत्र में इस वर्षा से अब भूजल एवं जलाशयों में संग्रहित पानी का स्तर बढ़ने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार प्रातः 8 बजे समाप्त हुवे 24 घंटो में तहसील में 13 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसे मिलाकर अभी तक कुल 389 मिमी (15.31 इंच) वर्षा दर्ज की जा चुकी है। मंगलवार को हुई वर्षा अलग है।

#### लगातार तीन दिनों की हुई स्कूल की छुट्टियां

जिले में भारी वर्षा की संभावना को देखते हुवे जिला प्रशासन द्वारा एक एक दिन कर सोमवार व मंगलवार को शासकीय व अशासकीय स्कूलों की छुट्टियां घोषित की गई। जिसके चलते बच्चों को

### नगर में बारिश के चलते सीएमओ ने किया निरीक्षण




**नलखेड़ा।** लगातार हो रही बारिश को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर के निर्देशानुसार मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय बहादुर सिंह ने नगर का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर में क्षतिग्रस्त मकानों की स्थिति देखी गई। जिनमें निवासरत नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर अस्थायी रूप से रहने की समझाइश दी गई ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके। निरीक्षण के दौरान लखुंदर नदी की पुलिया पर जलभराव की स्थिति भी देखी गई। जिस पर नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा तत्काल सफाई कार्य कर जल निकासी सुनिश्चित की गई। नदी में महीनों से जमा जलकुंभी की वजह से पानी का प्रवाह प्रभावित हो रहा था जिसे हटाने का कार्य भी त्वरित रूप से कराया गया। सीएमओ ने कर्मचारियों को बारिश के दौरान नगर में जलभराव व अवरुद्ध नालियों की नियमित निगरानी के निर्देश भी दिए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान नगर परिषद का अमला भी उनके साथ मौजूद रहा।

### दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास में प्रवचन का ले रहे लाभ

## सांसारिक सुखों के लिए किया गया पुरुषार्थ भव भ्रमण की परंपरा को बढ़ाता हैः विवर्धन सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





प्राणी के साथ जो भी शुभ - अशुभ होता है, वहां सब पूर्व जन्म के कर्मों से होता है। अज्ञानता में जीव विधि पर दोषारोपण करते हैं। स्वयं की आत्मा ने जो कर्म किए है, उसका फल भी स्वयं को मिलेगा। परिवार को नहीं मिलेगा। हमारे पुण्य और पाप ही हमें जीवन में सुख - दुःख देते हैं। संसार में लौकिक सुविधा के लिए पुरुषार्थ नहीं करना है,सांसारिक सुखों के लिए पुरुषार्थ किया तो वह संसार में भव भ्रमण को बढ़ाने वाला है। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 1008 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक म.सा. ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही मुनि श्री ने कहा कि अहंकार की बुद्धि स्वभाव से विभाव की ओर ले जाती है। जब मनुष्य में तनाव की स्थिति आती है तो मनुष्य भगवान पर दोषारोपण करते हैं कि भगवान ऐसा कर दिया। जबकि भगवान कर्ता नहीं है। इस प्रकार की बात ईश्वर वादी करते हैं। जबकि विधाता ऐसा नहीं करते हैं सब हमारे कर्मों से होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्म के उदय की एक सीमा होती है। हो सकता है कि आज कर्म किया वह अगले जन्म में उदय में आवें। किसान फसल बोता है जिससे अन्न तो पैदा होता है लेकिन साथ में भूसा भी पैदा हो जाता है। ऐसे धर्म कर्म करने पर पुण्य अपने आप मिल जाता है।

मुनिश्री ने कहाकि संसार में लौकिक सुविधा के लिए पुरुषार्थ नहीं करना है, क्योंकि संसार के भोगों को भोगते - भोगते सारा जीवन बीत जाता है। फिर भी सुख की प्राप्ति नहीं होती है। अगर भोगों में सुख होता तो भरत चक्रवर्ती अपने पद को छोड़कर सन्यास नहीं लेते। उन्होंने कहा कि जिसने मात्र सांसारिक सुखों के लिए पुरुषार्थ किया हो वह संसार में भव भ्रमण करता रहता है। देव अवधि ज्ञान से अपने तीनों भवों के जीवन देखकर कई संकलेष परिणाम बांध लेता है। सम्यक दृष्टि देव की दृष्टि कभी सुखों की ओर नहीं जाती है। वो उस समय सोचते हैं कि मैंने पूर्व भव में कोई अच्छा कार्य किया होगा इसीलिए मुझे देव गति प्राप्त हुई। मुनि श्री ने कहा कि सम्यक दृष्टि जीव हमेशा निर्मल परिणीति में लगा रहता है। जिसकी धर्म पर दृष्टि है वहां निरंतर पुण्य आसव में लगा रहता है। हमारी निरंतर जिनवाणी में रुचि रहना चाहिए। उन्होंने कहाकि भगवान से मांगने से सीमा बंध जाती है, क्योंकि भगवान हमें बहुत कुछ देना चाहते हैं। अज्ञानी अवस्था में हम ईश्वर से तुच्छ चीज मांगते हैं। लेकिन भगवान हमें तो बहुत कुछ देना चाहता है। ईश्वर से मांग कर हम हमारे पुण्य को क्षीण कर देते हैं। थोड़ी-थोड़ी इच्छाओं के कारण ही हम संसार में भव भ्रमण करते रहते हैं। इस कारण हम पुराना कर्म भी क्षीण कर देते हैं। मुनि श्री के प्रतिदिन चौक बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में प्रवचन चल रहे हैं।

### राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान से निपटेंगे वर्षों से लंबित न्यायालयीन प्रकरण

**नलखेड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मीडियेशन एण्ड कोंसिलेशन प्रोजेक्ट कमेटी उच्चतम न्यायालय के संयुक्त तत्वावधान में सम्पूर्ण देश में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश राज्य में भी उक्त अभियान चलाया जा रहा है, जिला आगर मालवा में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय आगर मालवा में एवं तहसील न्यायालय सुसनेर, नलखेड़ा में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, पारिवारिक मामले, दीवानी मामले, मोटर दुर्घटना क्लेम, घरेलू हिंसा, भरण पोषण, चैक बाउंस आदि के मामलों में प्रशिक्षित मध्यस्थ न्यायाधीश, अधिवक्ता, सचिव अश्विनी सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी द्वारा पक्षकारों के विवादों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।


### प्रतिवर्ष चढ़ाई जाती है भ्रष्टाचार की परत, जिम्मेदार अधिकारी अनजान

## लखुंदर नदी की बड़ी पुलिया पर हो गए बड़े-बड़े गड्ढे, हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा







आमला-नलखेड़ा मार्ग पर नगर के समीप स्थित लखुंदर नदी पर एक बड़ी पुलिया बनी हुई है जिसका निर्माण लगभग 60 वर्षो पूर्व हुआ था। रखरखाव के अभाव में यह पुलिया खस्ताहाल तो हो गई है साथ ही इसकी सतह पर बड़े बड़े गड्डे ही गड्डे हो रहे है जिसके कारण आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्षाकाल में पुलिया के इन गड्डो में पानी भरा होने से कई छोटी मोटी दुर्घटनाएं भी होती रहती है। शासन के हर कार्य में कितना भ्रष्टाचार हो रहा है उसका नमूना नगर के समीप बहने वाली लखुंदर नदी की बड़ी पुलिया में हुवे इन गड्डो को देखकर ही अंदाज लगाया जा सकता है कि प्रतिवर्ष लोक निर्माण विभाग द्वारा इन गड्डो को भरवाया जाता है। पिछले वर्ष तो दो-तीन बार इन गड्डो की मरम्मत का कार्य लाखों रुपए खर्च कर संबंधित विभाग द्वारा करवाया गया था।

सितंबर 2024 में इन गड्डो को भरवाने के कार्य को अभी एक वर्ष भी नहीं बीता है और भ्रष्टाचार की परत इन गड्डो से उखड़ गई है। जैसे ही वर्षाकाल प्रारम्भ हुआ वैसे ही ये गड्ढे पानी की मार से और अधिक बड़े हो गए है जिन्होंने भरे गए गड्डो के इस कार्य मे हुवे भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी है। लंबे समय तक मांग करने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा लखुंदर नदी की बड़ी पुलिया पर हो रहे गड्डो को गत वर्ष भरा गया था। उसके बाद लगने लगा था कि गड्डो की परेशानी खत्म हो गई है। लेकिन यह गलतफहमी सिद्ध हुई। गौरतलब है कि नलखेड़ा नगर को प्रदेश तथा देश के अन्य स्थानों से जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग आमला नलखेड़ा पर नगर के समीप स्थित लखुंदर नदी पर यह पुलिया 60 वर्ष से अधिक पुरानी होकर जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। लगातार जर्जर स्थिति में पहुंच रही इस पुलिया का समुचित रखरखाव करने की जिम्मेदारी का निर्वहन आज तक प्रशासन द्वारा नही किया गया है।

उल्लेखनीय है कि नगर में विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी का मंदिर स्थित है जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में चौपहिया वाहन से दर्शनार्थी पहुंचेंते। जो इसी पुलिया पर से होकर ही निकल रहे हैं। बारिश के इस मौसम में पुलिया की ऊपरी सतह पर हो रहे इन बड़े-बड़े गड्ढो के कारण जहां इस पर से निकलने वालों का सफर जोखिम भरा हो गया है वही वाहन चालकों के साथ पैदल निकलने वालों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां यह भी ज्ञात रहे कि इन्ही गड्ढों में से उन वीआईपी एवं वीवीआईपी के वाहन भी कूदते हुवे निकल रहे है जिनके लिए मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शन के लिए प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है।

#### सोशल मीडिया की सुर्खियां बने गड्ढे

नगर की बड़ी पुलिया पर हो रहे इन बड़े-बड़े गड्ढो को लेकर सोशल मीडिया पर भी सुर्खियां बनी हुई है। वर्षाकाल प्रारम्भ होने के बाद से नागरिकों द्वारा व्हाट्सएप एवं फेसबुक के माध्यम से बड़ी पुलिया पर हुए इन गड्ढो को सचित्र व वीडियो बनाकर डाला गया है जिसमें जिम्मेदारों को लेकर कई कमेंट्स भी किए गए हैं।

**तत्काल भरे जाए गड्ढे-** लखुंदर नदी की उक्त पुलिया पर हो रहे गड्डो को तत्काल भरा जाना चाहिए क्योंकि अभी तो वर्षाकाल का मात्र एक माह ही निकला है। आने वाले समय मे होने वाली झमाझम वर्षा में ये गड्ढे इतने बड़े हो सकते है कि यहाँ से निकलना भी दूभर हो सकता है। सेतु निर्माण विभाग के साथ ही लगभग प्रतिदिन इस पुलिया पर से निकलने वाले प्रशासन के आला अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है अन्यथा किसी भी दिन कोई बड़ी दुर्घटना का अंदेशा बन रहा है।

## खबर संक्षेप

### फरार आरोपी को न्यायालय में किया पेश

**देवास।** वन परिक्षेत्र देवास अंतर्गत सबरेंज टोंकखुर्द दक्षिण के ग्राम धतुरिया राव में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 09,50,51 के तहत आरोपी असलम पिता अकरम खां द्वारा अनुसूचि प्रथम का जीव अजगर को मारने की घटना सोशल मीडिया पर वायरल होने के उपरांत तत्कालीन परिक्षेत्र सहायक राजेन्द्र ठाकुर द्वारा उक्त धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था जिसके प्रकरण में फरार आरोपी को मुखबीर की सूचना पर वनपरिक्षेत्र अधिकारी राजेश चौहान के आदेश अनुसार टीम का गठन कर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उक्त कार्य में परिक्षेत्र सहायक टोंकखुर्द हेमराज गोखले, प.स. सोनकच्छ सुनील मालवीय, बीटगार्ड अंकित मालवीय, अंकित मंडलोई, सुनील रावत, रविन्द्र सोनी का विशेष सहयोग रहा।

### उत्साह के साथ मनाया नागपंचमी पर्व

**देवास।** जिले के गांव खटाम्बा मे प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नागपंचमी त्यौहार धूम धाम से मनाया गया। यहां पर नाग देवता का मंदिर लगभग 200 वर्ष पुराना है और नाग पंचमी के दिन हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। 200 साल पुराने इस मंदिर में मान्यता है कि जो भी यहां पर अपनी मन्नत मांगता है वह पूरी हो जाती है और मन्नत पूरी होने पर हर साल यहां पर तुला दान प्रसाद वितरण और भजन संध्या का कार्यक्रम रखा जाता है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण 24-25 में देश में नगर निगम देवास ने किया प्रथम स्थान प्राप्त

# निगम ने स्वच्छता मित्रों, दरोगाओं, पार्षदों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया सम्मान





### विधायक के मुख्य आतिथ्य में तथा महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024—25 मे 50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या श्रेणी मे देश मे शहर को प्रथम स्थान पाने पर नगर निगम द्वारा निगम के सफाई मित्रों, स्वच्छता निरीक्षकों, दरोगाओं एवं पार्षदगणों का आत्मीय सम्मान स्थानिय श्याम गार्डन उज्जैन रेड पर आयोजित एक गरिमामय कार्याक्रम मे देवास विधायक गायत्री राजे पवार के मुख्य आतिथ्य मे तथा महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल की अध्यक्षता मे सभापति रवि जैन,जिलाध्यक्ष रायसिह सेंधव, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि राहुल पवार के विशेष आतिथ्य मे सोमवार को सम्पन्न हुआ। कार्यकम्र मे विधायक पवार ने अपने उद्वोधन मे कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र मे देश मे देवास का नाम रोशन करने मे सफाई मित्रों का अहम योगदान व कडी मेहनत से ही हमने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नम्बर 1 अदभुत अवार्ड हेकर इससे हमे नई उर्जा मिली है। परंतु इसे कायम रखने हेतु हमे अब ओर कडी मेहनत करना होगी। उन्होंने आगे कहा कि हम छोटे नही वरन-बडे सपने देखते है।

दिवंगत महाराज श्रीमंत तुकोजीराव पवार का स्मरण करते हुए उन्होन कहा कि उनके कार्यकाल मे जल संकट का निदान के साथ ही सिवरेज जैसी महती योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। निगम के कर्मचारियों की मांगों को पूर्ण करने हेतु विधायक द्वारा शासन स्तर पर स्वीकृत कराने का उल्लेख अपने उद्वोधन मे किया। कार्यक्रम मे महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने उपस्थित सफाई मित्रों व निगम अधिकारियों, कर्मचारियों, पार्षदगणों को शुभकामनायें प्रेषित कर हार्दिक बधाई दी गई।निगम सभापति रवि जैन ने अपने उदबोधन मे कहा कि सफाई मित्रों की अथक मेहनत के परिणाम स्वरूप हम सम्पूर्ण भारत देश को 50 हजार से 3 लाख की आबादी के 852 शहरों मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी है। उन्होने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प को मजबूती प्रदान करने मे देवास शहर ने अपनी महती भूमिका निभाई है। उन्होने सफाई मित्रों को 5 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु आयुक्त को लिखे गये पत्र का भी उल्लेख अपने संबोधन मे किया।विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि विधायक गायत्री राजे पवार के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन मे हम सफाई के क्षेत्र मे निरंतर आगे बढे है। जिसके परिणाम स्वरूप प्रथम स्थान प्राप्त किया जो एक स्वर्णिम उपलब्धी है। इसमे सफाई मित्रों के साथ ही निगम पार्षदगणों के साथ ही देवास शहर की सफाई के प्रति जागरूक लोगों का भी रचनात्मक सहायोग मिला है। उन्होनें निगम सफाई मित्रों की मांगों मे वर्ष 2007 से 2016 तक के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनयिमितीकरण करने हेतु मेयर इन काउंसिल से प्रस्ताव पारीत कर शासन से स्वीकृति हेतु भेजेगें। उन्होने सफाई मित्रों के 1 लाख तक के सुरक्षा बीमा करने पर व्यक्तिगत रूप से इसकी प्रिमियम भरने का बोलते हुये कहा कि सफाई मित्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु मेयर इन काउंसिल से संकल्प पारीत करवाकर स्वीकृति हेतु प्रयासरत रहुंगा तथा अकुशल से अद्धकुशल एवं कुशल श्रेणी पात्रतानुसार करने की कार्यवाही सतत रूप से जारी है।

कार्यक्रम मे विधायक जिलाध्यक्ष राय सिंह सेंधव व अन्य अतिथियों द्वारा उपस्थित सफाई मित्रों पर गुलाब की पंखुडी की वर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया तथा वार्डो के उपस्थित पार्षदगणों का अपने अपने वार्डो मे सफाई कार्यो मे रचनात्मक सहयोग प्रदान करने पर तथा वार्ड के स्वच्छता निरीक्षकों, दरोगाओं सहित स्वच्छ भारत मिशन मे लगे एसबीएम के अधिकारियों, कर्मचारियों, आई.ई.सी. मेम्बर्स, तकनिकी यंत्रियां को सम्मान स्वरूप प्रतिक चिन्हों को प्रदान किया गया।

# सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जर्जर स्कूल भवनों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

### समाजसेवियों ने जल्द सुधार की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

जिले सहित पूरे मध्यप्रदेश में सरकारी स्कूलों की जर्जर स्थिति को लेकर समाजसेवियों में गहरी चिंता व्यक्त की गई है। इस संबंध में मंगलवार को क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर खातेगांव एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि जिले के ग्रामीण अंचलों सहित कई आदिवासी विकासखंडों में स्कूल भवन खस्ताहाल हो चुके हैं। कहीं छत से प्लास्टर झड़ रहा है, तो कहीं दीवारें दरक चुकी हैं। बारिश के मौसम में कई स्कूलों की छतें टपक रही हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। समाजसेवी हिम्मत सिंह बछानिया, मगन मंसोरे, बलराम गुर्जर, अश्विन कर्पे ने कहा कि वर्तमान में मध्यप्रदेश के विभिन्न ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों सहित शहरी क्षेत्रों की अनेक शासकीय विद्यालयों की भवन स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। विशेषकर वर्षा ऋतु में यह भवन बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत खतरे का कारण बन सकते हैं। हाल ही में राजस्थान राज्य में एक सरकारी स्कूल की छत गिरने से कई मासूम बच्चों की दुःखद मृत्यु हुई है, जो पूरे देश के लिए एक चेतावनी है। ज्ञापन में प्रमुख मांगें निम्नलिखित हैं। मध्यप्रदेश के सभी शासकीय स्कूलों के भवनों का आपातकालीन भौतिक सत्यापन कराया जाए। जिन विद्यालयों के भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं, उन्हें तत्काल खाली करवाकर वैकल्पिक स्थान पर शिक्षण कार्य संचालित किया जाए। ऐसे स्कूलों की मरम्मत या पुनर्निर्माण हेतु शीघ्र बजट स्वीकृत कर कार्य आरंभ किया जाए।नई इमारतों के निर्माण हेतु स्थानीय पंचायत/जनप्रतिनिधियों के माध्यम से योजना बनाकर त्वरित कार्यवाही की जाए। इस कार्य हेतु संबंधित अधिकारियों की उत्तरदायित्व निर्धारित कर समय-सीमा तय की जाए। इस अवसर पर सभी ने कहा कि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए स्कूलों की हालत सुधारना अब टालने योग्य नहीं है। अब देखते हैं कि प्रशासन कब तक इस मुद्दे को संज्ञान में लेता है।

## परिवहन विभाग ने जांच कर एम्बुलेंस की तरह चलती हुए वेन और 6 टाटा मैजिक किए जब्त, लगाया जुर्माना



**देवास।** परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर देवास के निर्देशानुसार जिले में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान एवं उनके दल द्वारा यात्रीबसों के विरुद्ध विशेष चैकिंग अभियान निरन्तर चलाया जा रहा है। मंगलवार को की गई चैकिंग कार्यवाही में जिले के मक्सी रोड तथा उज्जैन रोड पर संचालित होने वाले वाहनों को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एक प्रायवेट मारुति वेन को चेक किया गया जो कि एम्बुलेंस की तरह मार्ग पर संचालित हो रही थी, इस वाहन पर एम्बुलेंस की बत्ती भी लगी हुई थी। वाहन के दस्तावेज चेक करने पर वाहन प्रायवेट श्रेणी का होना पाया गया एवं वाहन में कोई मरीज भी नहीं पाया गया तथा सामान्य सीट लगी हुई पाई गई। वाहन को मौके पर जमा किया गया तथा पांच हजार का शमन शुल्क वसूला गया। इसी प्रकार उज्जैन रोह एवंमक्सी रोड़ पर संचालित टाटा मैजिक वाहनों को भी चेक किया गया जिसमें वाहन से संबंधित दस्तावेजों जैसे परमिट फिटनेस, बीमा, पीयूसी रजिस्ट्रेशन आदि की जांच की गई। जाँच में टाटा मैजिक वाहनों को बिना परमिट एवं बिना फिटनेस संचालित होते पाए जाने पर वाहनों को जप्त किया गया। कार्यवाही में परिवहन विभाग के जसवंत दोहरे तथा प्रवर्तन दल सम्मिलित था।

# रन फॉर ड्रग्स अवेयरनेस का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रदेश सहित जिले में नशा मुक्ति जनजागरूकता के लिए ₹नशे से दूरी-है जरूरी₹ अभियान 30 जुलाई तक चलाया जा रहा है। जिले में ₹नशे से दूरी-है जरूरी₹ अभियान के तहत कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को देवास में सयाजी द्वार से रन फॉर ड्रग्स अवेयरनेस का आयोजन किया गया। रन फॉर ड्रग्स अवेयरनेस को अपर कलेक्टर बिहारी सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फॉर ड्रग्स अवेयरनेस अवसर पर सभी उपस्थजनो को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। जिले में अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। नशे से दूर रहने की समझाइश दी जा रही है। ₹नशे से दूरी-है जरूरी₹ अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई जा रही है। साइबर अपराध के संबंध में जानकारी भी दी।

### आनंद मेला और प्रदर्शनी 3 अगस्त को

**देवास।** श्री राम ग्रुप की महिलाओं द्वारा आनंद मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन होने जा रहा है। ग्रुप की मीना शिंदे एवं रोहिणी भोंसले ने बताया कि सयाजी द्वार के पास स्थित मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में 3 अगस्त को दोपहर 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित होने वाले आनंद मेले एवं प्रदर्शनी में सर्व समाज की मातृशक्तियों द्वारा ज्वेलरी, वस्त्र, ऊनी वस्त्र, साडी, पर्स, फुड जोन आदि कई सामग्रियों व हस्तकला से निर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन स्टॉल लगाकर इस मेले में किया जाएगा। मेले के दौरान सभी के लिए शाम 5 बजे फ्री तम्बोला गेम भी होगा। साथ ही समाज बेरोजगार महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के अवसर बताए जाकर आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जाएगा। ग्रुप की महिलाओं ने नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रदर्शनी एवं आनंद मेले का लाभ लेने की अपील की है।

# फीस वृद्धि के विरोध में एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



श्री कृष्णाजी राव पवार शासकीय महाविद्यालय में बीबीए कोर्स की फीस 12,000 से बढ़ाकर 19,000 किए जाने के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने मंगलवार को भावनात्मक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन पूर्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में कॉलेज प्राचार्य डॉ. एस. एस. पी. राणा को सौंपा गया।ज्ञापन का वाचन संगठन के सक्रिय छात्र प्रतिनिधि विनोद राठौर द्वारा किया गया, जिसमें यह माँग की गई कि फीस वृद्धि से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीण और निम्न आय वर्ग से आने वाले छात्र इस बढ़ी हुई फीस को वहन करने में असमर्थ हैं, जिससे शिक्षा का सपना अधूरा रह सकता है।ज्ञापन में छात्र संगठन ने चेतावनी दी कि यदि आगामी 5 दिवसों में फीस को पूर्ववत 12,000 नहीं किया गया, तो एनएसयूआई छात्र हितों में चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इसकी पूरी ज़िम्मेदारी कॉलेज प्रशासन एवं जनभागीदारी समिति की होगी।इस अवसर पर एनएसयूआई के कई कार्यकर्ता बंटू जायसवाल पूर्व जिला महासचिव युवा कांग्रेस, पृथ्वीराज सिंह पटलावदा,रोहित डांगी, मनजीत ठाकुर, सूर्या मालवीय, चेतन वर्मा, रोहित हरिओम धाकड़, गब्बर, हिमांशु जायसवाल, प्रिंस घोड़प्रतापी, दीपांशु जाट,रवि यादव,शुभम सोलंकी, अजय मालवीय, योगेश सोलंकी आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने एक सुर में यह माँग रखी कि सरकारी शिक्षा संस्थानों में फीस वृद्धि नहीं, बल्कि शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाया जाना चाहिए।

# ओंकारेश्वर से मां नर्मदा का पवित्र जल भरकर भागते हुए कांवड़ यात्रा पहुंची ग्राम बुदासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



जहां सावन में भोलेनाथ को मनाने के लिए भक्तगण अलग-अलग जतन व प्रयास करते हैं एक माह तक सावन में उपवास भी रखते हैं, लोग कई दूर-दूर से अपने कंधे पर मां नर्मदा का जल भर कर लाते हैं और भोले का अभिषेक करते हैं। इसी कड़ी में देवास जिले के भौरासा नगर के समीप ग्राम बुदासा की एक अमृत दौड़ती कावड़ यात्रा ऐसी भी है जो रविवार को ग्राम बुदासा से ओंकारेश्वर के लिए लगभग 40 कावड़ियों के साथ ओंकारेश्वर पहुंची और वहां से सुबह 4:00 बजे मां नर्मदा का जल भरकर अपने कंधे पर कावड़ लेकर भागना शुरू किया और भागते भागते लगभग 160 किलोमीटर का सफर 12 घंटे में पूरा कर ग्राम बुदासा पहुंचे। जहां पर भगवान भोले का मां नर्मदा के जल से अभिषेक किया व पूजा अर्चना की गई।

इसके पश्चात पूरे ग्राम का भंडारा हुआ। इसमें लोगों ने बड चढ़कर हिस्सा लिया। इस कड़ी में भौरासा नगर में भी इस कावड़ यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुनील कुमावत, अभय नागर, मनोज शुक्ला, कमल पाटीदार, अनिल कुमावत, दिपु वर्मा, आदी लोग मौजूद रहे।

### नाग पंचमी के अवसर पर चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर उमड़ी भीड़

# महिलाओं बच्चों ने निकाली कांवड़, जगह-जगह किया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नाग पंचमी के अवसर पर मंगलवार के दिन चंद्रेश्वर तीर्थ स्थल पर महिला श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई, जहां पर हजारों की संख्या में महिलाएं पहुंची। महादेव का पूजन कर जल भरकर कावड़ प्रारंभ की गई।

इस दिन चापड़ा क्षेत्र से बड़ी संख्या में अलग-अलग गांव की कावड़ निकली। जानकारी अनुसार मंगलवार सुबह से ही चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर आसपास के गांव से वाहनों से महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंची। जहां पर स्नान करने के बाद चन्द्रकेश्वर महादेव की जलाशय से जल भरकर अपने-अपने गांव के लिए कावड़ प्रारंभ की गई।सावन माह में हर वर्ष बड़ी संख्या में महिलाओं व्दारा कावड़ का आयोजन किया जाता है।

महिलाओं की कावड़ इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर से गुजरती है,लेकिन प्रशासन स्तर पर इस को लेकर कोई भी व्यवस्था नजर नहीं आती हैं। इस दौरान महिलाओं में कावड़ को लेकर काफी उत्साह देखा गया। रिमझिम बारिश के साथ भजनों पर नाचते झुमते हुए महिलाओं द्वारा कावड निकाली गई, जिसमें बच्चे भी सम्मिलित हुए। रिमझिम बारिश पर भोले की भक्ति भारी पड़ती हुई नजर आई।

इस दौरान चन्द्रकेश्वर से लेकर चापड़ा के बीच में जगह-जगह महिला कावड़ियों का स्वागत किया गया। ग्राम गुराडिया कला, भमोरी, नयापुरा, छतरपुरा, अवल्दा अवल्दी सहित अन्य गांव के लोगों द्वारा रास्ते में महिलाओं को चाय एवं केले का वितरण किया गया।साथ ही ग्राम पोलाय,मातमोर ,चापडा बेडामऊ में आयोजित राम रसोड़ा पर भी महिलाओं को अल्पाहार ,दूध वितरित किया गया। बता दे की भजनों की धुन पर झूलते हुए महिलाओं द्वारा कावड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम नयापुरा, छतरपुरा,करनावद , अवल्दा अवल्दी,चारिया , देवगढ़, नेवरी, मोखाप्पिल्या, चासिया,मातमोर,अरलावदा, तिस्सी सहित विभिन्न गांवों की महिलाओं द्वारा चन्द्रकेश्वर से अपने गांव तक कावड़ का आयोजन किया गया।

# नराना से निकली कलश कांवड़ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नेवरी फाटा क्षेत्र के गांव नराना से प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी महिला एवं पुरुषो की एक विशाल जल अभिषेक कावड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर नराना से जल भरकर बैंड बाजो के साथ नाचते-गाते प्रारंभ हुई। निकाली गई यात्रा नेवरी फाटा से होकर टोल टैक्स से भौरासा फाटा से होते हुए बाबा भंवर नाथ मंदिर भौरासा तक जल अभिषेक कलश यात्रा निकाली गई । पवित्र सावन माह के तृतीय सोमवार को मुगल काल से प्रसिद्ध मंदिर बाबा भंवर नाथ व भगवान मनकामनेश्वर को पूजा अर्चना कर जल चढ़ाया गया। कलश कावड यात्रा का जगह-जगह कावड़ यात्रा का स्वागत कर चाय पानी एवं फरियाली खिचड़ी का भी प्रसाद वितरित किया गया। करीबन 300 महिला पुरुष व बच्चे यात्रा में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### युवक की ईमानदारी रुपयों से भरा बैग लौटाया, सम्मानित



**ललितपुर** । थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राकेश बडकुल रोज की तरह अपनी दुकान नझाई बाजार पर जा रहे थे तथा अपने साथ एक बैग लिये थे, जिसमें कुल 8 लाख 70 हजार रूपये व हिसाब -किताव के प्रपत्र रखे हुये थे, जो रास्ते में कहीं गिर गया है। सूचना के पर पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा तत्काल स्थानीय पुलिस बल को निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो का फुटेज को देखा जा रहा था कि तभी कमल कुशवाहा पुत्र परमानन्द कुशवाहा नि0 मु0 रामनगर थाना कोतवाली जनपद ललितपुर ने ईमानदारी की शानदार मिसाल पेश करते हुए सड़क पर पड़े हुए रुपयों से भरे उक्त बैग को पुलिस की मौजूदगी में राकेश बडकुल को सौंपा गया । पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक द्वारा युवक की ईमानदारी और सजगता की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई तथा कमल उपरोक्त को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### क्लीनर की मौत पर पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**ललितपुर**। चौकी बांसी क्षेत्रांतर्गत ग्राम लखनपुरा निवासी मनोहर रजक पुत्र सीताराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र आकाश डम्फर संख्या एम.पी.34 एच 7111 पर क्लीनर का कार्य करता था। बीती 13 जून 2025 को रात करीब 1.30 बजे उक्त डम्फर ललितपुर से झांसी ट्रक में माल भरने के लिए जा रहा था। ट्रक को लखनपुरा का ही रहने वाला पंकज पुत्र राकेश चला रहा था। तभी नेशनल हाई-वे 44 पर स्थित ग्राम बम्हौरीसर शिवम ढ़ाबा के पास ट्रक पहुंचा ही था कि पंकज ने तेजी व लापरवाही से ट्रक चलाते हुये आगे चल रहे अज्ञात ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पुत्र आकाश की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पीड़ित ने बताया कि उसे बिजरौठा निवासी आनन्द के द्वारा जानकारी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रंजिश के चलते ससुर से मारपीट, तोड़फोड़

**ललितपुर**। तालबेहट कोतवाली अंतर्गत ग्राम हर्षपुर के मजरा दतलन निवासी मंजू ठाकुर पत्नी संदीप सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 30 जून को रात करीब 10 बजे वह अपने घर पर गयी, जहां पुरानी रंजिश को लेकर पड़ौस के रणजीत सिंह ठाकुर पुत्र मंगल सिंह, लोकेन्द्र सिंह ठाकुर पुत्र नेपाल सिंह, विक्रम सिंह ठाकुर पुत्र सुखदेव सिंह, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर पुत्र श्याम सिंह एकराय होकर आये और उसके ससुर उदयपाल सिंह ठाकुर पुत्र मोती सिंह को लात-घूसों से मारपीट करते हुये गालियां दीं। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। आरोप है कि उक्त लोगों ने मोटर साइकिल व अन्य सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### वन दरोगा से अभद्रता गाली-गलौज, दी धमकी

**ललितपुर**। जंगल में घूम रहे लोगों से जानकारी करने पर उक्त लोगों द्वारा वन दरोगा से गालियां देते हुये धमकाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर वीट प्रभारी/सेक्शन प्रभारी की तहरीर पर थाना मदनपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। वन दरोगा/सेक्शन इंचार्ज वीट ठनगना के मुन्नीलाल पाठक ने मदनपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह वीट क्षेत्र में अपने हमराह प्रशान्त खरे, वन दरोगा गयाप्रसाद माली के साथ भ्रमण कर रहे थे। तभी बण्डवा जंगल में गश्त के दौरान ग्राम ठनगना निवासी कप्तान यादव पुत्र गोला यादव, संदीप यादव पुत्र गोली यादव भी उन्हें जंगल में घूमते हुये मिले। उन्होंने उक्त लोगों को रोकते हुये जंगल में घूमने के बारे में पूछा तो उक्त लोगों गालियां देते हुये कहा कि दरोगा बहुत मुकद्दमें लिख रहे हो।

---

### सांसद डिंपल यादव पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में उतरी महिला सभा, एसपी को सौंपा ज्ञापन

# समाजवादी महिला सभा जिलाध्यक्ष ने कहा मौलाना पर की जाए कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सड़क से संसद तक जनता की आवाज बुलंद करने वालीं मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव पर मौलाना साजिद रशीदी द्वारा की गयी अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में समाजवादी महिला सभा जिलाध्यक्ष राजकुमारी गौतम ने पदाधिकारियों के साथ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर कठोर कानून कार्रवाई की मांग की है। महिला सभा जिलाध्यक्ष ने कहा कि मैनपुरी सांसद डिंपल यादव सड़क से लेकर संसद तक महिलाओं की आवाज उठातीं है।

लगातार उनके हक एवं अधिकार दिलाने की बात करतीं हैं। बीते दिनों उन पर मौलाना साजिद रशीदी द्वारा उन पर अभद्र टिप्पणी उन पर अशोभनीय, अभद्र एवं घृणित टिप्पणी की है, जिसका समाजवादी महिला सभा कड़े शब्दों में निन्दा करती है। आगे कहा कि लगता है कि मौलाना मानसिक रूप से बीमार है। उन्होंने उक्त मौलाना पर कठोर से कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में समाजवादी महिला सभा आन्दोलन को बाध्य होगी। जिसकी जिम्मेदारी



शासन एवं स्थानीय प्रशासन की होगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजकुमारी गौतम, जिला महासचिव चंद्रकला राजपूत, सुषमा देवी, रंजना, पार्वती, राधा, रचना, भजनलाल कुशवाहा, अभि जैन, तुलसीराम अहिरवार, अरशद मंसूरी, हरीसिंह यादव, आकिब मंसूरी, सचिन अहिरवार, मूरतसिंह यादव, नरेंद्र सिंह, गौरव विश्वकर्मा, रोहित राठौर, शहरोज खान, रोबनसिंह यादव, खिलान सिंह, अमन मंसूरी, राहुल रजक, विक्की रजक, रविकांत श्रीवास मौजूद रहे।

## रुपए छीनने के झूठे मामले में फंसाने का रचा षडयंत्र



ललितपुर। गांव की लगभग एक एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा कर अवैध रूप से जमीनों का विक्रय करने का विरोध करने पर ग्रामीणों पर हरिजन एक्ट में फंसाते हुये नोटिस भिजवाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में ग्रामीणों ने लामबंद होकर गांव के एक दबंग व्यक्ति के खिलाफ एसडीएम मड़ावरा को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि मड़ावरा टौरिया निवासी मनोहर पंथ द्वारा ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है। बताया कि गांव के लोगों को फर्जी तरीके से हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी देते हुये झूठे तरीके से रुपये छीने जाने का नोटिस भिजवाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 40 वर्षों से उनके मकान बने हुये हैं, और नोटिस में निराधार व झूठी कहानी गढ़कर ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है। बताया कि दबंग व्यक्ति का कभी जमीन पर कब्जा नहीं रहा है, लेकिन लोगों को डरा-धमका कर जमीनों का विक्रय किया गया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोगों को जमीन बेची गयी है और एक एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा भी किया गया है। दबंग के आतंक से पूरा गांव डरा हुआ है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पानी निकासी के लिए दबंग द्वारा नाली निर्माण भी नहीं होने दिया जा रहा है, जिससे जल भराव की समस्या विकराल होती जा रही है। ग्रामीणों ने एसडीएम मड़ावरा से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। ज्ञापन देते समय लक्ष्मन सिंह, वहीद, जयराम, हजरत खां, बालकिशन, मुन्नालाल, राजाराम पाल, हीरालाल, राजू, अम्बका प्रसाद, संजना, अरविन्द, सोनू नाथूराम, पुरुषोत्तम के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

---

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## नपा में प्रशासक नियुक्ति, सफाई कर्मियों की वेतन दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पालिका में तैनात समस्त सफाई कर्मचारियों व कार्यालय कर्मचारियों की वेतन दिलाये जाने की मांग को लेकर सभी सफाई कर्मियों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। ज्ञापन में सफाई कर्मियों ने बताया कि नगर पालिका परिषद में विगत माह 24 जून 2025 को अध्यक्षा सरला जैन का आकस्मिक निधन हो गया था।

जिसके बाद से अब तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी की तैनाती पालिका में न होने के कारण पालिका में तैनात समस्त सफाई कमचारी एवं कार्यालय के कर्मचारियों का वेतन नहीं दिया गया है। 1 जुलाई 2025 से बच्चों के स्कूल प्रारम्भ हो गये हैं बच्चों के एडमिशन, स्कूल फीस, ड्रेस, कापी-किताबें नहीं ले पाना, कई परिवारों के अस्वस्थ्य चल रहे कर्मचारियों/ कर्मचारियों के परिजन को समय पर दवा, जांचें नहीं करा पाना। बैंकों से लिये लोन की किस्त समय पर जमा न कर पाने से सिविल स्कोर खराब होना व परिवार के भरण-पोषण करने में अनेकों समस्यायें उत्पन्न होने लगी हैं। इसलिए सफाई कर्मियों ने जिला प्रशासन से सफाई कर्मचारियों के सामने आने वाली अनेकों गम्भीर समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये कर्मचारी, जनहित में पालिका में प्रशासनिक अधिकारी की तैनाती कर कर्मचारियों को वेतन दिलाये जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया है। ज्ञापन देते समय मंजीत करौसिया, नवल घावरी, अनिल अहिरवार, पंकज, संजय कुमार, ब्रजेश कुमार, विशाल, देवेश्वर, राकेश, सुमित, प्रवीण, राजेश, संजय, रामखिलावन, अरविन्द, सौरभ, कल्लन, गोपाल, निखिल, पूरनचंद्र के अलावा अनेक सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से घायल, रिपोर्ट दर्ज

**ललितपुर**। समीपस्थ ग्राम अनौरा निवासी मुकेश सिंह परिहार पुत्र कुशल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 10 जून को रात करीब 9.30 बजे वह अपने गांव से मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.डी. 2346 पर सवार होकर ललितपुर आ रहा था। वह गोविन्द सागर बांध हाई-वे से जैसे ही मुख्यालय की ओर उतर रहा था कि तभी गलत साइड लेकर ललितपुर की ओर से आ रही बाइक डीलक्स एच.एफ. संख्या यू.पी.94 ए.एच. 1156 के चालक ने उसे सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह असंतुलित होकर सड़क किनारे गिर पड़ा और उसे गंभीर चोटें आयीं। साथ में बैठे उसके भाई सौरभ सिंह परिहार का मुंह का जबड़ा व पैर में चोट आई है।

---

### प्रेस आईजीआरएस की जांच में लापरवाही पर नाराजगी

## अधिकारी अपनी उपस्थिति में कराएं संदर्भों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारणः एडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने जनपद में समन्वित जनशिकायत प्रणाली (आईजीआरएस) पर प्राप्त संदर्भों में निगेटिव फीडबैक की समीक्षा की और अधिकारियों को शिकायतकर्ता से वार्ता कर संतुष्टि के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत जनशिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने एक-एक कर सभी निगेटिव फीटबैक संदर्भों की समीक्षा की और रैण्डम आधार पर शिकायकर्ताओं से दूरभाष पर



वार्ता की। अपर जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट करते हुए मौके पर ही अधिकारियों से निस्तारण का भरोसा दिलाया और अधिकारियों को शिकायतकर्ता से बात कर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे प्रतिदिन नियमित रुप से आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा करें और लम्बित मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करायें। बैठक में बताया कि इस माह में 96 निगेटिव फीडबैक प्राप्त हुए हैं, जिनमें विद्युत, आबकारी, चिकित्सा, परिवहन, लघु सिंचाई, उद्योग, बांट माप, शिक्षा, जल निगम, ग्राम्य विकास विभाग, नगर विकास, पशु चिकित्सा, जिला पंचायत, मनरेगा, पूर्ति, यूनानी, बाल विकास, युवा कल्याण आदि विभागों के संदर्भ शामिल हैं, जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित हो रही है। बैठक में ई-डिस्ट्रिक मैनेजर अंशुल खरे ने कहा कि लम्बित प्रकरणों को आगामी दिवसों में निस्तारण करा लें, संदर्भों के निस्तारण में यदि कोई तकनीकी समस्या आ रही है तो वे ई-गवर्नेन्स सेल आकर सहायता ले सकते हैं। विद्युत, आबकारी, चिकित्सा, परिवहन, लघु सिंचाई, उद्योग, बांट माप, शिक्षा, जल निगम, ग्राम्य विकास विभाग आदि मौजूद थे।

---

### जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

## संभव अभियान 5 की सफलता के लिए संबंधित विभागीय अफसरों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विकास भवन सभागार, में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहन की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उक्त समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० इम्तियाज अहमद, उपायुक्त श्रम/स्वतः रोजगार, रमेश कुमार यादव, सहायक अभियंता पवन कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज कुमार सिंह, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं अन्य जनपद स्तरीय/ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संभव अभियान-5.0 के सफल कियान्वयन हेतु समस्त सम्बन्धित



विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया एवं वीएचएसएनडी सत्रों में केन्द्रों पर चिन्हित सैम श्रेणी के बच्चों को सम्बन्धित ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से मोबलाइज कराते हुये सम्बन्धित आशा एवं एएनएम के द्वारा सैम श्रेणी के बच्चों का पंजीकरण ई-कवच पोर्टल पर कराते हुये उनका सामुदायिक स्वास्थ्य प्रबन्धन (मूलभूत दवाओं यथा-एमक्ससीसिलिन, एलबेन्डाजोल, विटामिन-ए, आईएफए, फालिक ऐसिड एवं मल्टीविटामिन आदि उपलब्ध कराना एवं उसकी एन्ट्री ई-कवच पोर्टल पर कराना), सन्दर्भन एवं पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर भर्ती कराये जाने के निर्देश दिये गये। जनपद में चिन्हित सक्षम ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर बाला पेंटिंग, रेन वॉटर हर्वेटिंग एवं पोषण वाटिका का कार्य कराये जाने हेतु नामित कार्यदायी संस्था को समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। डी०सी० एन०आर०एल०एम० को वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम एवं द्वितीय त्रैमास हेतु जारी डीआई के सापेक्ष ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर रेसिपी बेस्ड अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति यथाशीघ्र कराने के निर्देश दिये गये। ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत समस्त लाभार्थियों को नियमित रूप से चेहरा प्रमाणीकरण के माध्यम से अनुपूरक पुष्टाहार वितरण कराने के निर्देश दिये।

---

## रावतयाना में ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग का ज्ञापन सौंपा गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर के वार्ड संख्या 21 मोहल्ला रावतयाना के लोगों ने एकजुट होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के जरिए लोगों ने मोहल्ले में नया विद्युत ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि विगत 5 साल से उनके मुहल्ले में विद्युत ट्रांसफार्मर नहीं है, जिसके कारण कई घरों में अंधेरा छाया रहता है और बरसात के मौसम में जहरीले कीड़े-मकोड़ों के निकलने से दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं रहती हैं। मोहल्लावासियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर प्रभा, भगवानदास प्रजापति, आशा देवी, अर्चना, राम देवी, बविता, दीपिका, गनेशी, कमल कुमारी, सचिन, जड़ेल सिंह, जयहिंद, मुकेश, विकास तिवारी, आशीष, अनेक लोग उपस्थित रहे।

### मेडिकल कॉलेज में फर्जी भर्ती का पर्दाफाश

## लाखों की ठगी करने वाला पुरोहित के खिलाफ एफआईआर दर्ज, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

स्थानीय एक क्लीनिक में कार्यरत कथित कर्मचारी पंकज पुरोहित द्वारा ललितपुर मेडिकल कॉलेज में संविदा भर्ती के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में विवेक साहू, शंकर सेन, प्रमोद सेन, अमेन्द्र, मनीराम, फरहाद, हरिराम, नीरज और पंकज ग्वाला सहित कई पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक को सामूहिक रूप से शिकायत सौंपी थी।

आरोपी पंकज पुरोहित ने मेडिकल कॉलेज में संविदा नर्सिंग स्टाफ की फर्जी भर्ती दिखाकर विभिन्न लोगों से 45 हजार रुपये से 2 लाख तक की रकम वसूल की। बदले में फर्जी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, जिनकी तिथि 16 जुलाई 2025 बताई गई। पीड़ितों के अनुसार रकम की अदायगी के समय की वीडियो रिकॉर्डिंग एवं फोन-पे ट्रांजैक्शन के साक्ष्य भी उपलब्ध हैं।

**धमकी और ब्लैकमेलिंग**

*जब पीड़ितों ने पंकज से अपने पैसे वापस मांगे, तो उसने आत्महत्या की धमकी दी और कहा कि मैं झूठा सुसाइड नोट लिखकर सबको जेल भिजवा दूंगा। पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318(4), 316(2), और 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्राथमिक जांच प्रारंभ कर दी है और आरोपी की भूमिका की गहराई से विवेचना की जा रही है।*

**इनका कहना है**

हमने मेहनत की कमाई इस उम्मीद से दी थी कि नौकरी मिलेगी, लेकिन अब न नौकरी मिली और न पैसा वापस। न्याय की उम्मीद में पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है।

पीड़ित विवेक साहू

### नगर में धूमधाम से निकली भगवान शिवजी की बारात

## शिव विवाह की कथा सुनने से गृहस्थ जीवन में सुख शान्ति बनी रहती है : प्रपन्नाचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महरौनी (ललितपुर)

महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम गौना में श्रावण मास के पावन अवसर श्रीशिव महापुराण की सरस कथा श्रवण कराते हुए वृन्दावन से पधारे हुए प्रवक्ता पूज्य स्वामी श्रीअभयेश्वर प्रपन्नाचार्य भाव के साथ सुनाया जिसे सुन श्रोता भाव में भर गये। शिव महापुराण कथा में भगवान शिवजी पार्वती विवाह की कथा सुनायी गयी, जिसमें सर्व प्रथम शिवजी की बारात बडे ही धूम धाम से निकाली गयी।

तत्पश्चात विधि-विधान के साथ संम्पूर्ण विवाह की कथा का श्रवण कराया गया। भगवान शिवजी के विवाह की कथा श्रवण से ग्रहस्थ जीवन में सुख शांति की प्राप्ति होती है। श्रोताओं की अपार भीड़ ने भक्ति भाव में डूब कर भगवान शिव के भजनों में नृत्य किया। पूज्य महाराजजी के साथ आये आचार्य दीपक दुबे, शिवम सास्त्री, रिंकू शास्त्री, कुलदीप



अवस्थी (कीबोर्ड), मोहित सिंह (तबला) और विनीत त्रिवेदी (पैड) के अलावा कथा में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान यजमान सुखलाल कुशवाहा, प्यारेलाल कुशवाहा (पूर्व प्रधान), दयाराम कुशवाहा (प्रधान), ठेकेदार सुन्दर कुशवाहा, लखन कुशवाहा, विहारी लाल, भरोसे लाल (मुखिया), पत्रकार दिनेश विदुआ, नरेश कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, जगभानसिंह बुंदेला, भगवान सिंह परमार, गोपीराय, साहब सिंह, गोविन्द सिंह, गोविन्ददास बुनकर, आनंद किशोर कुशवाहा आदि मौजूद थे।

---

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल ग्वालियर रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

निकटवर्ती ग्राम जिजयावन निवासी पदम पुत्र सोबरन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 16 जुलाई को उसका पुत्र सुरजीत अपने साथी गांव के अक्षय पुत्र जितेन्द्र के साथ अपनी मोटर साइकिल से ललितपुर से अपने गांव वापस आ रहा था।

उसका पुत्र सुरजीत सिंह अपनी मोटर साइकिल से धीमी गति में एसडीपीएस स्कूल के पास से आ रहा था। रात करीब 9.30 बजे सामने से आ रहे बिना नम्बर की लाल रंग के डीआई ट्रैक्टर जिसे मोहल्ला नेहरू नगर मां कत्यानी मंदिर के पास रहने वाला संजू पुत्र बलराम चला रहा था और ट्रैक्टर पर बेबी पुत्र बलराम बैठा हुआ था। तभी ट्रैक्टर ने उसके भाई की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सुरजीत दूर जाकर गिरा। इस घटना में सुरजीत के सिर में गंभीर चोटें आयीं हैं और दाहिना हाथ फ्रैक्चर हो गया। बताया कि पुत्र के साथ मौजूद अक्षय व वहां से गुजर रहे ग्राम रघुनाथपुरा निवासी गनेश पुत्र अनंदी कुशवाहा, जिजयावन निवासी ज्ञानवेन्द्र पुत्र मनोहर व कृष्णदेव पुत्र मुलायम आ गये, जिन्होंने सुरजीत को एम्ब्युलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां से सुरजीत को झांसी मेडीकल कॉलेज भेजा गया, जहां से सुरजीत को ग्वालियर रेफर कर दिया गया। ट्रैक्टर मालिक का नाम बलराम पुत्र स्व.विन्द्रावन बताया गया है।

### अवध बिहारी मंदिर से जुलूस की शक्ल में नागदेव की शोभायात्रा निकाली

## चौरसिया समाज ने स्थापना दिवस के रूप में मनाई नागपंचमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली (ललितपुर)

नागपंचमी पर्व को चौरसिया समाज में बड़ा ही उत्साह देखने को मिला। सुबह से लोग चौरसिया अवध बिहारी मंदिर में एकत्रित होने लगे और वहां से जुलूस की शक्ल में नागदेव भगवान की शोभायात्रा में शामिल हुए। नागपंचमी पर्व के पावन पुनीत अवसर श्रदालुओं ने भगवान भोले नाथ एवं उनके गले के हार नागराज देवों की विधि विधान से पूजा अर्चना की।

वहीं, कस्बे में नागपंचमी पर्व चौरसिया समाज स्थापना दिवस के रूप में हर्सोल्लास के साथ मनाता है। चौरसिया समाज नागदेव को अपना आराध्य देव मानते है। उनकी मान्यता है कि भगवान नाग उनकी पान की खेती में वृद्धि करते हैं, साथ ही सर्प दोष से रक्षा होती है। इस कारण वह पान की बेल को नागबेल कहकर संबोधित करते है। नागपंचमी पर्व को चौरसिया समाज की स्थापना दिवस के रूप में मनाते है। मंगलवार को नागपंचमी के अवसर पर अवध विहारी मंदिर से बैंडबाजों की धुन पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वजा पताकाएं लहरा रही थी। इसके बाद बैंड-



बाजों पर बज रहे भक्ति गीत बम-बम लहरी, शिव-शिव लहरी, मुझे चढ़ गया भगवा रंग-रंग आदि तरानों पर उत्साही युवक-युवतियां जमकर थिरक रहे थे। महिलाएं सिर पर मंगल कलश रख चल रही थी। शोभायात्रा में मौजूद लोग जय हिंदू-जय चौरसिया समाज के जयघोष कर माहौल के उत्साह को दुगना कर रहे थे। शोभायात्रा गांधी चौक, हजारिया महादेव मंदिर, बस स्टैंड, मुख्य बाजार होते हुए नागौरी मंदिर पर पहुंची। जहां नागदेव मंदिर में वैदिक मंत्रोउच्चारण के बीच विराजे नागदेवों की पूजा अर्चना की गई, हवन यज्ञ के आयोजन हुए। चौरसिया समाज के अलावा कस्बें के लोगों ने पूजा में भाग लेकर धर्मलाभ लिया। सामूहिक महाआरती आयोजन किया गया, जिसमें सभी लोगों ने भगवान नाग की आरती उतारकर सुख समृद्धि की मंगल कामना की। जिसके बाद नदवानी बगीचा धर्मशाला में एक बैठक आयोजित हुयी, जिसमें समाज की एकजुटता पर विशेष बल दिया गया। साथ ही कहा कि एक सभ्य समाज में कुरीतियों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। सभ्य समाज के निर्माण के सभी शिक्षित हो संस्कारवान हो। इस दौरान समाज अध्यक्ष प्रशांत चौरसिया, मंदिर प्रबंधक जगदीश चौरसिया, नंदकिशोर चौरसिया, खेमचंद्र, राम चौरसिया राजकपूर चौरसिया, गणेश चौरसिया, कृष्णकांत, मनोज चौरसिया, जीतू चौरसिया, रवू चौरसिया, शिब्बू चौरसिया, अमित चौरसिया, जयराम, राजकुमार चौरसिया, पुनीत चौरसिया, महेश चौरसिया, हरिओम चौरसिया, कस्तूरचंद चौरसिया, ब्रजेश मोदी, राम चौरसिया, रितिक चौरसिया, आशीष चौरसिया, श्यामलाल चौरसिया, सौरभ चौरसिया, पवन चौरसिया, राहुल चौरसिया, जगदीश चौरसिया, महेंद्र चौरसिया, पंकज, गंगाराम चौरसिया, श्रीकांत चौरसिया, रामस्वरूप, गोपाल, देवकीनंदन, संजीव चौरसिया, पार्षद मनोज आदि मौजूद रहे।

### महादेव उत्सव समिति द्वारा हर साल किया जाता है आयोजन

# मूसलाधार बारिश के बीच धूमधाम से निकली भोलेनाथ की पालकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

महादेव उत्सव समिति के तत्वावधान में कल सावन के तीसरे सोमवार लगातार 12 वर्ष भोलेनाथ की भव्य पालकी यात्रा का आयोजन करवाया गया। मूसलाधार बारिश भी श्रृद्धालुओं के उत्साह को कम न कर सकी और यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए।

स्थानीय शिवजी की छतरी पर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना उपरान्त भगवान भोलेनाथ प्रजा का हाल-चाल जानने नगर भ्रमण के लिए निकले। समिति द्वारा पालकी यात्रा के आयोजन के लिए काफी समय पहले से तैयारियां की जा रही थीं। शिवजी के छतरी से आरंभ हुई यात्रा सब्जी बाजार, मेन मार्केट, नाका नंबर-3 होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान स्थान-स्थान पर श्रृद्धालुओं ने पुष्पवर्षा करते हुए यात्रा में शामिल भक्तजनों का स्वागत अभिनंदन किया।

#### इंदौर, उज्जैन के कलाकारों की प्रस्तुति ने मोहा मन

भगवान भोलेनाथ की इस पालकी यात्रा में इंदौर, उज्जैन से आए कलाकारों की विभिन्न प्रस्तुतियां सभी के आकर्षण का केंद्र रहीं। कलाकारों द्वारा भगवान राधा-कृष्ण, हनुमान एवं मां कालिका की चलित झांकी से समां बांध दिया। यात्रा के समापन उपरान्त सभी भक्तों को प्रसादी का वितरण करवाया गया।

### महाकाल कांवड़ यात्रा जीरापुर ने गुप्तेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक




जीरापुर। जनपद पंचायत स्थित महाकाल मंदिर से आठवीं महाकाल कावड़ यात्रा गुप्तेश्वर महादेव मंदिर माचलपुर के लिए पहुंची। महाकाल कावड़ यात्रा की शुरुआत में मंदिर पर भोलेनाथ महादेव का पुजन अर्चन कर किया गया। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कावड़ यात्रा महाकाल मंदिर जनपद से प्रातः 9 बजे प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होकर इंदर चैराहा, माचलपुर नाका से होते हुए लगभग 14 किलोमीटर का सड़क मार्ग तय कर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर माचलपुर पहुंची। जहां गुप्तेश्वर महादेव को जलाभिषेक कर आरती प्रसाद वितरण किया।

#### बाबा बैजनाथ की 17वीं विशाल कांवड़ यात्रा समिति की बैठक संपन्न

नगर से बाबा बैजनाथ कावड़ यात्रा समिति के तत्वावधान में बाबा बैजनाथ की 17वीं विशाल कावड़ यात्रा आगामी 02 अगस्त 2025 शनिवार को आगर मालवा स्थित प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ धाम जावेगी। जिसको लेकर समिति द्वारा बैठक कर व्यापक तैयारियां की जा रही है। समिति ने बताया कि जीरापुर से आगर मालवा स्थित बाबा बैजनाथ धाम का जलाभिषेक करने कावड़ यात्रा 02 अगस्त 2025 को सुबह 7 बजे नगर के त्रंबकेश्वर महादेव मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए 03अगस्त को बाबा बैजनाथ महादेव का जलाभिषेक करेंगी।

#### सावन का तीसरा सोमवार

## शिव की भक्ति में लीन हुआ नगर, दर्शनों के लिए लगा भक्तों का तांता



**नरसिंहगढ़**- सावन के तीसरे सोमवार पर पूरा शहर शिव की भक्ति में लेने नजर आया। सोमवार के मौके पर लाखों की तादात में श्रद्धालुओं ने बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव और पातालेश्वर छोटा महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शनों का पुण्य लाभ लिया। सुबह से ही शिवालयों पर भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। देर शाम तक दूर दराज सहित आसपास क्षेत्र के करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बैजनाथ महादेव के दर्शन किए। देर शाम मंदिरों में बाबा भोलेनाथ का आकर्षक श्रंगार कर महा आरती संपन्न की गई। दिनभर दोनों प्रमुख महादेव मंदिर के अलावा जल मंदिर गुप्तेश्वर नादेश्वर महादेव, खजूर पानी शिवालयों पर भी भक्तों की भारी भीड़ लगी रही।

#### दर्जनों गांव से पहुंची कांवड़ यात्राएं

सावन सोमवार के मौके पर शहर में दिन भर कावड़ यात्राओं का दौर भी चला रहा। अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्र से करीब दर्जन पर कावड़ यात्राएं निकली। जिसमें शामिल श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों के जल से बाबा बैजनाथ महादेव का अभिषेक कर पुण्य लाभ लिया। कावड़ यात्राओं का स्थान स्थान पर विशेष स्वागत किया गया। खासकर प्रमुख छत्री चैराहे पर विधायक मोहन शर्मा के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा और फल वितरण कर यात्राओं का स्वागत किया।

### डॉक्टर की कमियों व दूरदर्शिता का न होने से नवजात गवां रहे अपनी जान

# ऑक्सीजन की कमी से हुई नवजात शिशु की मौत! परिजनों के आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आए दिन लापरवाही सामने आती है ऐसा है एक मामला सोमवार को सामने आया जिसमें परिजन मांगीलाल नागर ने अस्पताल की अव्यवस्था पर आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे पुत्रवधू की पहली डिलेवरी थी जिसको रविवार शाम 7 बजे खुजनेर अस्पताल में भर्ती किया डाक्टर बोले 2 घंटे बाद डिलेवरी होगी। रात करीब 1 बजे डिलेवरी हुई जिसमें बच्ची का जन्म हुआ तो डॉक्टर बोले बच्ची बोल नहीं रही इसको राजगढ़ रेफर करना पड़ेगा तो 2 घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार किया फिर निजी गाड़ी में ऑक्सीजन सिलेंडर को गाड़ी में रखा जिसमें गैस बिल्कुल भी नहीं थी जिसके बाद आधे घंटे बाद एंबुलेंस आई फिर बच्ची को राजगढ़ लेकर आया जहां बच्ची को मृत घोषित कर दिया। जब सीबीएमओ सुरेन्द्र मित्तल से 108 को लेकर शिकायत की तो बोले हमारी 108 की कोई जवाबदारी नहीं है ।ऑक्सीजन को लेकर कहा कि तुम्हे पहले ही राजगढ़ के लिए रेफर करना था इसका पूरा जिम्मेदार सीबीएमओ और प्रशाशन है।

#### नहीं है कोई कमी

खुजनेर स्वास्थ केन्द्र पर ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में है बच्चा को ऑक्सीजन स्पॉट में ही रखा था बच्चे के परिजन को पहले ही बोल दिया था आपका बच्चा सीरियस है हाईरिस्क सेंटर पर ले जाए बच्चा को 108 में ऑक्सीजन स्पॉट में रखा राजगढ रेफर किया 4 बजे एडमिट होने के बाद सोमवार को 12 बजे बच्चा को मृत घोषित किया ऐसे में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं थी ।

**सीबीएमओ सुरेन्द्र मित्तल**
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर

### नाले में एक व्यक्ति बहा

**जीरापुर**। समीपवर्ती ग्राम लक्ष्मणपुरा में नाले के तेज बहाव में एक व्यक्ति बह गया। जानकारी के मुताबिक लक्ष्मणपुरा निवासी सिद्धूलाल पिता मांगीलाल गवारिया (बंजारा) गांव के समीप स्टाफ डेम के नीचे निकलने वाले नाले में पानी के तेज बहाव में बह गया। चर्चा में सामने आया है कि वह मछली पकड़ने गया या बकरी चराने गया उसी दौरान नाले में पानी का तेज बहाव शुरू हो गया उसमें वह बह गया। गांव के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली जिसपर थाना प्रभारी रवि ठाकुर की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा नाले में बहने वाले व्यक्ति को खोजना शुरू किया लेकिन पता नहीं चलने पर राजगढ़ से पुलिस गोता खोर टीम बुलाई गई जिसके द्वारा रेस्क्यू जारी किया लेकिन शाम होने पर रेस्क्यू टीम वापस लोटी थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया सुबह पुनः टीम पहुंचेगी।

#### हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम

### उप जेलों में स्वास्थ्य परीक्षण हेपेटाइटिस पॉजिटिव 2 बंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को जिले के नरसिंहगढ़ और सारंगपुर की उप जेलों में निरुद्ध बंदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर एचआईवी और हेपेटाइटिस की जांच की गई। जिला महामारी नियंत्रक डॉ महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि जिला आईसीटीसी केंद्र के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 148 बंदियों की जांच की गई जिसमें दो मरीज हेपेटाइटिस पॉजिटिव पाए गए। उक्त मरीजों का वायरल लोड करते हुए उनका बेसलाइन हेतु सैंपल कलेक्ट किया गया। इन शिविरों को जेल में लगाने का उद्धेश्य है कि एक सीमित वातावरण में इन बीमारियों के जोखिम को कम करना और प्रभावित मरीजों को समय पर उपचार देना शामिल है। शिविर में हेपेटाइटिस के विभिन्न प्रकारों जैसे ए,बी,सी,डी और ई के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर नरसिंहगढ़ सीबीएमओ डॉ. गौरव त्रिपाठी, सारंगपुर सीबीएमओ डॉ मनीष चैहान सहित स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा।

### हिंदू उत्सव समिति ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, महिला मंडल ने सुहाग सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सिद्धेश्वरी मंदिर परिसर में रविवार को हरियाली तीज के अवसर पर महिला मंडल द्वारा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को सुहाग का सामान भेंट किया। इस दौरान हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी एवं अंजू मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नवगठित महिला मंडल के पदाधिकारियों को समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा एवं महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति सिद्धार्थ जैन नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर महिला मंडल की महामंत्री अनामिका पचौरी, भारती श्रीवास्तव, कुसुम मीना, कल्पना शर्मा, नीलम राजपूत, निधि सिकरवार उपस्थित रहीं।



**विदिशा**। नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते समिति अध्यक्ष।

#### साहू समाज मंदिर में महिलाओं ने मनाया पर्व

**कुरवाई**। हरियाली तीज के अवसर पर शिव मंदिर परिसर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की शुरुआत रुद्राभिषेक से हुई। मंदिर को फूलों, वंदनवारों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था। महिलाओं ने गीत-संगीत, झूला झूलना और मेहंदी रचाने की परंपरागत रस्में निभाईं। मंदिर प्रांगण में झूले लगाए गए थे, जिन पर महिलाएं लोकगीतों के साथ झूमती नजर आईं। स्थानीय कलाकारों ने हरियाली तीज से जुड़ी भजन संध्या एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किए। समापन पर पुजारी आचार्य अशोक महाराज ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे हर वर्ष मनाने का आग्रह किया।

### करणी सेना प्रदेशाध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष हर्ष राजपूत को नियुक्ति पत्र सौंपा



**विदिशा**। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर शिव प्रताप सिंह चौहान का विदिशा आगमन हुआ। उन्होंने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष हर्ष सिंह राजपूत को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कृष्णा गार्डन पर राजपूत समाज व सर्व समाज द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद वह कपूर पेपरडाइज गार्डन पहुंचे। जहां करणी सेना के पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र देकर संगठन का विस्तार किया गया। विप्र समाज द्वारा नव नियुक्त अध्यक्ष को आशीर्वाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में दशरथ सिंह राठौड़, बसंत सिंह बासौदा, शैलेंद्र सिंह टीला खेड़ी, राजाराम सिंह, गोविंद सिंह, गणपत सिंह पिथौली, जगदीश सिंह, सौरभ सिंह, श्यामवीर सिंह एवं अजीत सिकरवार मौजूद रहे।

### बिल पास करने दलाल के मार्फत लिया करते थे रिश्वत

# गबन मामले में तत्कालीन ट्रेजरी अफसर पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिला अस्पताल में फर्जी नियुक्ति एवं विभिन्न सामग्री क्रय करने के संबंध में करीब पौने 2 करोड़ के गबन का मामला सामने आया था। इस मामले में तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी आर.एल. गोलिया की भी संलिप्तता उजागर होने पर कोतवाली पुलिस ने उन पर भी धोखाघड़ी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध की है। उल्लेखनीय है कि सीधे-सीधे शासकीय राशि के दुरुपयोग एवं शासन से धोखाघड़ी के इस मामले में अब तक 7 आरोपियों पर अपराध पंजीबद्ध हो चुका है जिनमें से कुछ को जमानत भी मिल चुकी है। इन आरोपियों में शामिल पार्षद राजेश खरे से हुई पूछताछ में उन्होंने बताया कि कोषालय अधिकारी गोलिया बिल पास करवाने के एवज रिश्वत




की मांग करते थे। साथ ही रिश्वत की राशि भोपाल निवासी नीरज गुप्ता नाम के व्यक्ति के खाते में रुपए ट्रांसफर करवाते थे। नीरज गुप्ता दलाल के रूप में काम करता था एवं उसके खाते में रिश्वत की राशि पहुंचने के बाद ही कोषालय से बिल पास होते थे। इन बयानों के उपरान्त पुलिस ने तत्कालीन टेजरी अधिकारी गोलिया पर भी एफआईआर दर्ज की है।

#### 2016 से चल रहा था यह संगठित षणयंत्र

जिला अस्पताल में सफाईकर्मियों के वेतन भुगतान में अनियमितताओं और फर्जी भर्ती करने वाली प्रथम नेशनल सिक्योरिटी कंपनी द्वारा टेंडर की शर्तों का उल्लंघन करते हुए बायोमैट्रिक अटेंडेंस में कूटरचना कर फर्जी खातों में भुगतान दिखाकर गबन करने का गोरखधंधा वर्ष 2016 से चल रहा था। वित्तीय वर्ष 2022 से 2024 के बीच प्रथम नेशनल कंपनी हाउसकीपिंग व सामानों के क्रय पर 1 करोड़ 26 लाख 41 हजार का भुगतान दर्शाया। इस राशि में से सिर्फ 22 लाख के करीब ही वास्तविक भुगतान किया गया है। इस तरह करीब 1 करोड़ 4 लाख की राशि का गबन कर लिया गया। इसी तरह साल 2024-25 में 61 लाख 64 हजार के लगभग का भुगतान दर्शित किया गया जिसमें से महज 7 लाख 73 हजार ही सही भुगतान किया गया एवं 53 लाख 91 हजार रुपए का गबन कर लिया गया।

#### ग्रामीण जनसमुदाय में आक्रोश

### पड़ाना में कीटनाशक खाने से तीन गायों की हुई मौत

#### दुकानदार की लापरवाही सामने आई



**सारंगपुर**। समीप गाव पड़ाना कस्बे में सोमवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई। कीटनाशक खाने से तीन गायों की मौत हो गई और चार अन्य गायें गंभीर रूप से बीमार हो गईं। कुछ लोग यह हादसा एक स्थानीय दुकानदार की लापरवाही के कारण जबकि अन्य ग्रामीण खेतों में छिड़के गए कीटनाशक के कारण हुआ बता रहे है। स्थानीय नागरिक हरि धनगर और ओम परमार सहित कुछ लोगों का आरोप है कि कस्बे के एक व्यापारी ने रविवार रात दुकान बंद करने के बाद कीटनाशक और बीज से भरे कार्टून अपनी दुकान के बाहर खुले में छोड़ दिए थे। रात के समय सड़क पर घूम रही गायों ने यह जहरीला सामान खा लिया। सुबह तक 7 गायें बेहोशी की हालत में पड़ी मिलीं। इनमें से दो की रात में ही और एक की सुबह मौत हो गई। घटना की जानकारी फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने दुकानदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


#### 72 घंटे से अनवरत जारी है मूसलाधार बारिश

# बारिश के कारण जिले के स्कूल के साथ आंगनबाड़ियों में भी रहा अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सम्पूर्ण जिले में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश का दौर अनवरत जारी है। सोमवार को भी मुख्यालय सहित अन्य शहरों व क्षेत्रों में पूरे दिन कभी रुक-रुककर तो कभी तेज मूसलाधार रूप से बारिश होती रही।

ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के दृष्टिगत कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक अवकाश घोषित किया है। हालांकि, यह अवकाश सिर्फ विद्यार्थियों के लिए रहेगा एवं शिक्षकों को निर्धारित समय पर स्कूल पहुंचकर पेंडिंग कार्यालयीन कार्य निपटाने होंगे। उल्लेखनीय है कि लगातार हो रही बारिश के चलते ग्रामीण अंचलों के अनेकों स्कूल परिसरों में पानी भरा चुका है।



कार्यालय कलेक्टर जिला राजगढ़ म.प्र.
क्रमांक/शिक्षा/सामा–1/2025/3018 राजगढ़ दिनांक 28/07/2025

आदेश

जिला राजगढ़ अन्तर्गत अत्यधिक वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से जिले की कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक समस्त शासकीय एवं अशासकीय (CBSE/ICSE) सहित समस्त प्रकार की शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों के लिए दिनांक 29.07.2025 को अवकाश घोषित किया जाता है। शिक्षक यथावत शाला में उपस्थित रहेंगें।

उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कलेक्टर
जिला राजगढ़ म0प्र0

पृ0 क्रमांक/सामा–1/2025/3019 राजगढ़ दिनांक 28/07/2025

प्रतिलिपि–
1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय म0प्र0 भोपाल।
2. आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़।
4. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण भोपाल संभाग भोपाल।
5. जिला शिक्षा अधिकारी जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिला राजगढ़।
7. जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान राजगढ़।
8. जिला जनसंपर्क अधिकारी जिला राजगढ़।
9. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला राजगढ़।
10. समस्त विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र राजगढ़।
11. समस्त संकुल प्राचार्य शा0उमावि0 ............ जिला राजगढ की ओर भेजकर लेख है के अने अधीनस्थ आने वाले विद्यालयों में निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
12. समस्त संस्था प्राचार्य /प्र0अ0 शा0उमावि0 शासकीय एवं अशासकीय/ CBSE/ ICSE जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

कलेक्टर
जिला राजगढ़ म0प्र0

#### समस्त आंगनबाड़ियों में भी अवकाश घोषित

शिक्षा विभाग के साथ ही महिला बाल विकास के अंतर्गत आ रही जिले की समस्त आंगनबाड़यिों में भी 29 जुलाई के एक दिवसीय अवकाश की घोषणा की गई। डीपीओ द्वारा जारी आदेश के तहत अवकाश दिवस में आंगनबाड़ी केंद्र पर हितग्राहियों को नहीं बुलाया जाएगा। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं केंद्रों पर उपस्थित रहकर रिकार्ड संधारण सहित अन्य पेंडिंग कार्यों को पूर्ण करेंगी।

#### मोहनपुरा बांध के 6 गेट खोले गए

अनवरत हो रही बारिश के चलते रविवार को मोहनपुरा बांध के 4 गेट खोले गए थे। इसके बाद भी बांध में पानी के लगातार बढ़ते जल स्तर को देखते हुए सोमवार दोपहर 2 गेट और खोल दिए गए। बांध प्रबंधक अशोक दीक्षित ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर और गेट खोले जा सकते हैं।

#### अधिकारियों को निर्देश

### कलेक्टर और एसपी ने किया जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण



**राजगढ़**। जिले में अनवरत हो रही बारिश को देखते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सोमवार को राजगढ़ में नेवज नदी की छोटी पुलिया, खिलचीपुर के सोमवारिया पुल, मोहनपुरा डेम, ब्यावरा में अजनार नदी समीप अस्पताल रोड़ के जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेरीकेटिंग, पुल पर पानी होने की दशा में आम आवाजाही बंद करवा दी जाए। इसके साथ ही नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों के अमले को अलर्ट रहने निर्देशित किया गया। ब्यावरा में अजनार नदी का पानी घरों में भराने की संभावनाओं को दृष्टिगत राहत शिवरों में आमजन को शिफ्ट करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले के आमजन से अपील की है पुल-पुलियाओं पर पानी होने की स्थिति में कोई भी उन्हें पार न करें। साथ ही जल भराव वाले क्षेत्र में न जाए। उन्हों ने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर हैं।